घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सूचना प्रौद्योगिकी का सक्रिय रूप से इस्तेमाल किया जाना चाहिए: लोक सभा अध्यक्ष

...

भारत में ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए बड़े पैमाने पर और सतत प्रयासों की आवश्यकता है: श्री ओम बिरला

...

जिन पर्यटन स्थलों के बारे में पर्यटकों को अधिक जानकारी नहीं है, उन्हें भारत के पर्यटन मानचित्र पर लाया जाना चाहिए: श्री बिरला

...

नई दिल्ली, 27 सितंबर, 2021: लोक सभा अध्यक्ष, श्री ओम बिरला ने आज विश्व पर्यटन दिवस, 2021 के अवसर पर , भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय द्वारा आयोजित कार्यक्रम "समावेशी विकास के लिए पर्यटन" में मुख्य भाषण दिया।

इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए श्री बिरला ने कहा कि कोविड का प्रकोप कम होने के बाद भारत में पर्यटन क्षेत्र में तेजी से सुधार हो रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि सामूहिक और प्रतिबद्ध प्रयासों से हम यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि भारत दुनिया में सर्वश्रेष्ठ पर्यटन डेस्टिनेशन के रूप में उभरे। श्री बिरला ने कहा, "जिस प्रकार हमने सामूहिक प्रयासों से कोविड-19 का मुक़ाबला किया है, उसी सामूहिक शक्ति और समन्वित प्रयासों से हम अपनी अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाई पर ले जाएंगे।" उन्होंने यह भी कहा कि पर्यटन क्षेत्र अर्थव्यवस्था और रोजगार के ग्रोथ इंजनों में से एक है, इसलिए, इस क्षेत्र के आगे विकास पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है।

भारत में पर्यटन की अपार संभावनाओं के बारे में श्री बिरला ने कहा कि हमारे देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और भौगोलिक विविधताएँ पूरी दुनिया से पर्यटकों को आकर्षित करती हैं। भारत में पर्यावरण, आध्यात्मिक, शिक्षा और चिकित्सा पर्यटन के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। भारत की घरेलू और विदेश नीति से पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए एक अनुकूल वातावरण मिला है। हमारा लक्ष्य भारत को सर्वश्रेष्ठ पर्यटन डेस्टिनेशन बनाना है। अध्यक्ष महोदय ने कहा कि पर्यटन स्थलों को पर्यटकों के अनुकूल बनाने के अधिकतम प्रयास किए जाने चाहिए। श्री बिरला ने घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय दोनों स्तरों पर पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सूचना प्रौद्योगिकी के साधनों का उपयोग किए जाने पर जोर दिया।

पर्यटन को बढ़ावा देने के रोडमैप के बारे में विचार व्यक्त करते हुए, श्री बिरला ने सुझाव दिया कि ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए बड़े पैमाने पर और सतत प्रयास किए जाने की आवश्यकता है। इससे हस्तशिल्प और अन्य ग्रामीण उत्पादों की मांग बढ़ेगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। उन्होंने सुझाव दिया कि जिन पर्यटन स्थलों के बारे में पर्यटकों को अधिक जानकारी नहीं है, उन्हें भारत के पर्यटन मानचित्र पर लाया जाना चाहिए ताकि अधिक से अधिक लोग इन स्थलों के बारे में जान सकें।

इस अवसर पर, श्री बिरला ने निधि 2.0 (आतिथ्य उद्योग का राष्ट्रीय एकीकृत डाटाबेस) लॉन्च किया और "भारत पर्यटन सांख्यिकी: एक नज़र में, 2021" जारी किया। श्री बिरला ने आशा व्यक्त की कि आज जारी किया गया निधि 2.0 डाटाबेस पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों में उपयोगी सिद्ध होगा।